**AD3M01** **03.07.2020**

## अधिसूचना

**विषय- ट्रेड अप्रैंटिसशिप (एक्स-आईटीआई) के लिए एक वर्षिय अप्रैंटिसशिप प्रशिक्षण कार्यक्रम**

अप्रैंटिसशिप अधिनियम, 1961 के अंतर्गत एलिम्को, कानपुर में एक वर्षिय अप्रैंटिसशिप प्रशिक्षण के लिए आईटीआई उतीर्ण (NCVT/SCVT) पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। अभ्यार्थियों से अनुरोध है कि अधिसूचना को ध्यान पूर्वक पढ़ने के उपरान्त ही आवेदन करें।

**उम्मीदवार के लिए पात्रता मापदंड-**

1. उम्मीदवार को भारत का एक नागरिक होना चाहिए।
2. उम्मीदवार की दिनांक 01.07.2020 को न्यूनतम आयु 18 वर्ष पूर्ण होनी चाहिए।
3. उम्मीदवार के पास निर्धारित तकनीकी/ गैर-तकनीकी ट्रेड में क्राफ्ट्समैन प्रशिक्षण योजना के अंतगर्त एनसीवीटी प्रमाण पत्र होना चाहिए। निर्धारित ट्रेड की सूची संलग्न है।
4. जो उम्मीदवार पूर्व में अप्रैंटिसशिप प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं या किसी अन्य संस्थान से इसी प्रकार का अप्रैंटिसशिप प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं या अप्रैंटिसशिप अधिनियम के अंतर्गत पहले अप्रैंटिसशिप पंजीकृत हैं वे आवेदन करने हेतु पात्र नहीं हैं।
5. एक वर्ष या उससे अधिक का कार्यानुभव रखने वाले उम्मीदवार आवेदन करने हेतु पात्र नहीं हैं।
6. उम्मीदवार के पास आयकर विभाग-भारत सरकार द्वारा जारी पैनकार्ड होना चाहिए।
7. कोपा ( COPA) मे नेशनल ट्रेड सर्टिफिकेट (कम्प्यूटर आपरेटर एण्ड प्रोग्रामिंग असिस्टेन्ट), नेशनल कौंसिल फार वोकेशनल ट्रेनिंग (NCVT) द्वारा जारी होना चाहिए।
8. चयनित अभ्यर्थियों के प्रशिक्षण की अवधि एक वर्ष होगी।

क्रमशः...

**अनुबंध-I**

## रिक्त आईटीआई ट्रेंड की सूची एवं शौक्षक योग्यता

| क्रम सं. | ट्रेड | शैक्षिक योग्यता | निर्धारित प्रशिक्षण अवधि | एस सी | एसटी | ओबीसी | सामान्य वर्ग | कुल पोस्ट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | फिटर | 10+2 शिक्षा पद्धति के अंतर्गत विज्ञान तथा गणित के साथ 10वीं कक्षा या उसके समतुल्य परीक्षा उर्त्तीण। | एक वर्ष | 03 | 01 | 05 | 11 | 20 |
| 2. | इलेक्ट्रीशियन | 10+2 शिक्षा पद्धति के अंतर्गत विज्ञान तथा गणित के साथ 10वीं कक्षा या उसके समतुल्य परीक्षा उर्त्तीण। | एक वर्ष | 01 | - | 02 | 05 | 08 |
| 3. | इलेक्ट्रोनिक्स मैकेनिक | 10+2 शिक्षा पद्धति के अंतर्गत विज्ञान तथा गणित के साथ 10वीं कक्षा या उसके समतुल्य परीक्षा उर्त्तीण। | एक वर्ष | 01 | 01 | 02 | 06 | 10 |
| 4. | कारपेंटर | 10+2 शिक्षा पद्धति के अंतर्गत विज्ञान तथा गणित के साथ 10वीं कक्षा या उसके समतुल्य परीक्षा उर्त्तीण। | एक वर्ष | - | - | - | 03 | 03 |
| 5. | मशीनिस्ट | 10+2 शिक्षा पद्धति के अंतर्गत विज्ञान तथा गणित के साथ 10वीं कक्षा या उसके समतुल्य परीक्षा उर्त्तीण। | एक वर्ष | 01 | - | 01 | 03 | 05 |
| 6. | टर्नर | 10+2 शिक्षा पद्धति के अंतर्गत विज्ञान तथा गणित के साथ 10वीं कक्षा या उसके समतुल्य परीक्षा उर्त्तीण। | एक वर्ष | 01 | - | 02 | 05 | 08 |
| 7. | वेल्डर (गैस एण्ड इलेक्ट्रिक) | 10+2 शिक्षा पद्धति के अंतर्गत विज्ञान तथा गणित के साथ 10वीं कक्षा या उसके समतुल्य परीक्षा उर्त्तीण। | एक वर्ष | 01 | - | 01 | 03 | 05 |

<u>अनुबंध-II</u>

## रिक्त आईटीआई ट्रेंड की सूची एवं शैक्षक योग्यता

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8. | मैकेनिक मशीन टूल मेन्टीनेंस | 10+2 शिक्षा पद्धति के अंतर्गत विज्ञान तथा गणित के साथ 10वीं कक्षा या उसके समतुल्य परीक्षा उर्तीण। | एक वर्ष | 01 | - | - | 02 | 03 |
| 9. | प्लम्बर | 10+2 शिक्षा पद्धति के अंतर्गत विज्ञान तथा गणित के साथ 10वीं कक्षा या उसके समतुल्य परीक्षा उर्तीण। | एक वर्ष | - | - | - | 02 | 02 |
| 10. | कोपा (कम्प्यूटर ऑपरेटर एण्ड प्रोग्रामिंग असिस्टेन्ट) | 10+2 शिक्षा पद्धति के अंतर्गत विज्ञान तथा गणित के साथ 10वीं कक्षा या उसके समतुल्य परीक्षा उर्तीण। | एक वर्ष | 02 | 01 | 02 | 05 | 10 |
| | **कुल** | | | | | | | **74** |

**<u>चयन प्रकिया</u>**

(क) प्रत्येक ट्रेड के लिए आईटीआई एवं हाईस्कूल में 50 % से अधिक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यार्थियों की एक साझा सूची तैयार की जायेगी और प्रशिक्षण के लिए उम्मीदवारों का चयन साक्षात्कार/ दक्षता परीक्षा के माध्यम से किया जायेगा।

(ख) आरक्षण अप्रैंटिसशिप अधिनियम के अनुसार लागू होगा।

(ग) अभ्यर्थी यदि वर्तमान/सेवानिवृत्त/दिवंगत एलिम्को कर्मचारी के आश्रित हैं तो वे अपने अभ्यावेदन कार्मिक एवं प्रशासन से अग्रसारित करवा कर ही जमा करें।

**संस्थान में आफलाइन / आनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि- 20.07.2020**
**(आवेदन प्रारुप एलिम्को वेबसाइट www.alimco.in पर उपलब्ध है।)**

**नोट:-आवेदन पत्र स्पीडपोस्ट / रजिस्ट्रड डाक या आनलाइन माध्यम से ई-मेल apprentice@alimco.in पर स्वीकार किये जायेगें। कोई भी आवेदन निगम मे हस्तगत ( By hand) स्वीकार नहीं किये जायेगें।**

## उम्मीदवारों के लिए सामान्य निर्देश

1. आवेदनकर्ताओं को सलाह दी जाती है कि वे अप्रैंटिसशिप पोर्टल www.apprenticeship.gov.in पर एक अप्रैंटिस के रुप में पंजीकरण करायें और उस संख्या को आवेदन फॉर्म में अवश्य दर्शायें **(पंजीकरण एवं प्रोफाइल की फोटोकॉपी भी संलग्न करे)।** अन्यथा आपका आवेदन मान्य नहीं होगा।
2. आवेदन संलग्न प्रारुप में निर्धारित अंतिम तिथि तक जहाँ आवेदनकर्ता ने पंजीकरण कराया है, के माध्यम से या सीधे भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम, जी.टी.रोड, कानपुर-209217 को किया जाना चाहिए।
3. उम्मीदवार अपना कोई मूल प्रमाणपत्र संलग्न न करें।
4. उम्मीदवार आवेदन पत्र एवं संलग्न प्रमाण पत्रों पर हस्ताक्षर अवश्य करें।
5. अपूर्ण आवेदन पत्र या उम्मीदवार के हस्ताक्षर के बिना आवेदन पत्र अस्वीकृत कर दिये जाएंगे।
6. चयन प्रक्रिया के लिए बुलाए गए आवेदकों को कोई टीए/डीए नहीं दिया जाएगा।
7. शार्ट लिस्ट किए गए आवेदको को इसकी सूचना निगम नोटिस बोर्ड/ एलिम्को की वेबसाइट पोस्ट के माध्यम से दी जाएगी।
8. एलिम्को किसी पोस्टल विलम्ब/गलत डिलीवरी या पोस्टल ट्रांजिटमें गुम हो जाने के कारण आवेदन पत्र प्राप्त न होने के लिए जिम्मेदार नहीं होगी।
9. चयनित उम्मीदवारों को अप्रैंटिसशिप अधिनियम के अनुसार प्रशिक्षण अवधि के लिए एक करार का पालन करना आवश्यक होगा।
10. प्रशिक्षण लेने वाले उम्मीदवारों को अप्रैंटिसशिप अधिनियम के अनुसार निर्धारित वृत्तिका दी जायेगी।
11. प्रशिक्षण पूरा होने के बाद अप्रैंटिसशिप करार को समाप्त कर दिया जाएगा और एलिम्को उन्हे किसी भी प्रकार का रोजगार देने के लिए बाध्य नहीं होगी।
12. तथ्यों को छिपाने के कारण चयन प्रकिया के किसी भी चरण में उम्मीदवारों को अयोग्य घोषित किया जा सकता है एवं तत्काल उसकी अभ्यर्थिता निरस्त कर दी जाएगी।
13. शॉर्ट लिस्ट किए गए उम्मीदवारों को साक्षात्कार के समय सत्यापन के दौरान निम्नलिखित मूल दस्तावेज प्रस्तुत करने आवश्यक होंगे-

(क) हाईस्कूल या उसके समकक्ष परीक्षा का अंक पत्र।

(ख)आरक्षित श्रेणी के साक्ष्य के रुप में दिया जाने वाला प्रमाण पत्र (एससी/एसटी/ओबीसी/पीएच) या अन्य।

(ग) आईटीआई परीक्षा के प्रत्येक सेमेस्टर के अंक पत्र/ समेकित अंक पत्र।

(घ) प्रोविजनल ट्रेड प्रमाण पत्र

(ड) आधार कार्ड।

(च) यदि चयन प्रक्रिया के किसी स्तर पर या चयन के उपरान्त/ या ज्वाइनिंग के उपरान्त अभ्यर्थी नियमानुसार अयोग्य पाया गया तो बिना किसी पत्राचार या सूचना के उसका अभ्यावेदन तत्काल निरस्त कर दिया जाएगा या प्रशिक्षण समाप्त कर दिया जाएगा।